भारत सरकार
विदेश मंत्रालय
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या - 2124
दिनांक 07.08.2025 को उत्तर दिए जाने के लिए

नाथू ला दर्रे पर सीमा व्यापार

2124 **श्री दोरजी त्शेरिंग लेप्चा:**

क्या **विदेश** मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि:

(क) क्या सरकार ने नाथू ला सीमा पर व्यापार को पुनः प्रारंभ करने हेतु कोई उपाय किए हैं;
(ख) क्या सरकार इस क्षेत्र में सुरक्षा को और सुदृढ़ करने के लिए नए प्रोटोकॉल और आपातकालीन प्रतिक्रिया प्रणाली लागू करने की मंशा रखती है;

(ग) नाथू ला सीमा पर व्यापार को पुनः प्रारंभ करने हेतु सरकार द्वारा क्या कदम उठाए गए हैं; और
(घ) क्या सरकार व्यापार के बेहतर प्रबंधन तथा भारत-चीन सीमा के सुदूर सीमावर्ती गांवों में रहने वाले आर्थिक रूप से कमजोर वर्ग के व्यापारियों को प्रभावी सहायता प्रदान करने के लिए कोई नीति बना रही है?

उत्तर
विदेश राज्य मंत्री
[श्री कीर्तवर्धन सिंह]

(क से घ) मौजूदा द्विपक्षीय व्यवस्थाओं के तहत भारत और चीन के बीच सीमा व्यापार के लिए तीन स्थान निर्धारित हैं: उत्तराखंड में लिपुलेख दर्रा (1992 से), हिमाचल प्रदेश में शिपकी ला दर्रा (1995 से), और सिक्किम में नाथू ला दर्रा (जुलाई 2006 से)। तथापि, वर्ष 2020 में कोविड-19 महामारी के दौरान, इन सभी स्थानों से होने वाला व्यापार बाधित हो गया था और तब से इसे फिर से शुरू नहीं किया गया है। भारत सरकार ने इन सभी व्यापार मार्गों के माध्यम से सीमा व्यापार को फिर से शुरू करने के लिए चीनी पक्ष के साथ बातचीत की है।

*****